RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार, 16 नवंबर 2022 | वर्ष 04 | अंक 181 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
R
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## पालघर में मृत मिला कबाड़ कारोबारी, पुलिस को हत्या की आशंका...!



**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले में 21 वर्षीय एक कबाड़ व्यापारी का शव सड़क किनारे मिला और पुलिस को संदेह है कि यह हत्या का मामला है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मांडवी पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक प्रफुल्ल वाघ ने बताया कि गांव पुलिस पाटिल (सहायक) ने सोमवार को भिवंडी रोड पर शव देखा और मीरा भायंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के कर्मियों को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारी ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है और हत्यारों की तलाश की जा रही है।

## शाह की दृढ़ता ने महाराष्ट्र में सत्ता के सुचारु परिवर्तन में मदद की : फडणवीस

### 'शिवसेना द्वारा विश्वासघात' का सामना



**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की दृढ़ता ने इस साल की शुरूआत में राज्य में सत्ता के सुचारु तौर पर परिवर्तन में मदद की क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ने ''शिवसेना द्वारा विश्वासघात'' का सामना किया। फडणवीस यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह के विचारों से प्रेरित एक पुस्तिका के विमोचन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस साल जून में, शिवसेना विधायक एकनाथ शिंदे ने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया जिसके परिणामस्वरूप उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार गिर गई। शिंदे बाद में प्रदेश के मुख्यमंत्री बने जबकि भाजपा नेता फडणवीस ने उप मुख्यमंत्री का पद संभाला। मंगलवार को मुंबई में एक कार्यक्रम में फडणवीस ने कहा, ''महाराष्ट्र जब सत्ता के संक्रमण के दौर से गुजर रहा था तब अमित शाह ने हमें अपना पुरजोर समर्थन दिया। जब भाजपा शिवसेना के विश्वासघात का सामना कर रही थी तो उनकी दृढ़ता ने सत्ता के सुचारु परिवर्तन में मदद की।'' उन्होंने कहा, ''मूल शिवसेना'' (मुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व वाली बालासाहेबंची शिवसेना का जिक्र करते हुए) और भाजपा एक साथ आकर महाराष्ट्र में सरकार बना सके। फडणवीस ने कहा, ''शाह में न केवल नेतृत्व के गुण हैं बल्कि वे सही तरीके से निर्णय लेने की क्षमता रखते हैं। एक बार जब वह किसी चीज के बारे में फैसला कर लेते हैं, तो वह उसे पूरा करते हैं।'' महाराष्ट्र में 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद, ठाकरे की पार्टी ने मुख्यमंत्री पद साझा करने के मुद्दे पर लंबे समय से सहयोगी रही भाजपा के साथ संबंध तोड़ लिए थे।

## उद्धव ठाकरे को दिल्ली HC से झटका, शिवसेना के चुनाव चिन्ह पर लगी रोक हटाने से इनकार



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे को दिल्ली हाईकोर्ट से झटका लगा है. उद्धव ने चुनाव आयोग की कार्यवाही पर रोक की गुजारिश की थी लेकिन इस अर्जी को खारिज कर दिया गया था. चुनाव आयोग ने बीते दिनों शिवसेना पार्टी के नाम और चुनाव चिन्ह पर रोक लगाई थी. दिल्ली हाईकोर्ट की सुनवाई के बाद चुनाव आयोग ने भी एक फैसला लिया है. उन्होंने उद्धव ठाकरे गुट और एकनाथ शिंदे गुट को पार्टी पर अधिकार संबंधी दस्तावेज जमा करने के लिए अब 23 नवंबर तक का वक्त दिया है.

## निलंबित डीसीपी सौरभ त्रिपाठी को बड़ी राहत

### बांबे हाई कोर्ट से मिली अग्रिम जमानत



**मुंबई :** जबरन वसूली के मामले में निलंबित पुलिस उपायुक्त सौरभ त्रिपाठी को बड़ी राहत मिली है। बांबे हाई कोर्ट से त्रिपाठी को अग्रिम जमानत मिल गयी है। सरकारी वकील ने हाई कोर्ट को बताया कि जबरन वसूली के मामले में चल रही जांच में सौरभ त्रिपाठी सहयोग कर रहे हैं, जिसके बाद हाई कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत दी। निलंबित डीसीपी सौरभ त्रिपाठी पिछले 6 महीने से फरार चल रहे थे। उन्होंने बांबे हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर किया था। हाई कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा था। मंगलवार को हाई कोर्ट में पेश हुए सरकारी वकील ने बताया कि जबरन वसूली के मामले में चल रही जांच में सौरभ त्रिपाठी सहयोग कर रहे हैं। इसके बाद हाई कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत दी।

### पीआई वांगटे समेत कई पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई

इसी साल मार्च में मुंबई क्राइम ब्रांच ने जबरन वसूली के मामले में पुलिस इंस्पेक्टर ओम वांगटे को गिरफ्तार किया था। लोकमान्य तिलक मार्ग स्टेशन के पुलिस निरीक्षक वांगटे पर आंगड़िया से रंगदारी वसूलने का आरोप था। इसी के साथ वांगटे ने बांबे हाई कोर्ट में दायर अग्रिम जमानत याचिका वापस ले ली थी। क्राइम इंटेलिजेंस यूनिट (सीआईयू) ने 19 फरवरी को पीआई नितिन कदम और पीएसआई समाधान जामदादे को गिरफ्तार किया था।

**त्रिपाठी के करीबी व्यक्ति की लखनऊ से हुई गिरफ्तारी**

मार्च में ही आंगड़िया वसूली मामले में वांटेड डीसीपी सौरभ त्रिपाठी की हवाला की रकम लेने के आरोप में लखनऊ में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस उपायुक्त सौरभ त्रिपाठी इस मामले में आरोपी हैं। उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई थी।

## मनी लॉन्ड्रिंग का मामला:

## नवाब मलिक की जमानत याचिका पर 24 नवंबर को फैसला

मुंबई : राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री नवाब मलिक की जमानत याचिका पर 24 नवंबर को विशेष पीएमएलए अदालत अपना फैसला सुना सकता है। अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मलिक को गिरफ्तार किया था। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर को गिरफ्तार कर पूछताछ की। उससे पूछताछ में सामने आया कि दाऊद से जुड़ी 300 करोड़ रुपए की संपत्ति का कारोबार करने वाली कंपनी से मलिक का संबंध है। ईडी ने मलिक के खिलाफ कार्रवाई की और उन्हें 23 फरवरी को गिरफ्तार किया। मलिक न्यायिक हिरासत में हैं और उनका कुर्ला के प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। इससे पहले भी मलिक ने कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी, लेकिन अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी। इस बार मलिक ने नई याचिका दाखिल किया है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि करीब 5 महीने बाद भी जांच एजेंसी की ओर से

## दहिसर में यात्रियों से भरी बेस्ट बस पर पथराव... कई घायल, दो गिरफ्तार!

**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मंगलवार को दहिसर इलाके में यात्रियों से भरी एक बेस्ट बस पर पथराव में कई यात्री घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। दहिसर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 353, 332, 336, 324, 323 और 427 के तहत मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर फरार आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

**कार से टकराने के बाद बस पर पथराव**



समाचार के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि घटना सोमवार रात करीब नौ बजे मुंबई के दहिसर इलाके में वेस्टर्न एक्सप्रेसवे पर होटल पायल के पास हुई। दहिसर टोल बूथ के पास बस के कार से टकराने के बाद पथराव किया गया। कार में टक्कर लगने के बाद उस कार में सवार कुछ युवकों ने अपने अन्य साथियों को बुलाकर बस चालक से विवाद करना शुरू कर दिया। इस दौरान छह से सात युवकों ने बस पर पथराव शुरू कर दिया और बस चालक व युवकों के बीच हाथापाई शुरू हो गई। पथराव से बस का आगे का शीशा भी टूट गया और कई यात्री घायल हो गए।

### पुलिस हिरासत में भेजे गए आरोपित

पुलिस ने कहा कि घटना की सूचना मिलने पर दहिसर पुलिस मौके पर पहुंची और दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अपने कब्जे में ले लिया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब बाकी आरोपियों की भी तलाश कर रही है। दोनों आरोपितों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने उन्हें 17 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस इस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# बंदूक संस्कृति पर अंकुश...!

सीमावर्ती राज्य पंजाब ही नहीं, पूरे देश में पंजाब में जारी हिंसक गतिविधियों को लेकर चिंता महसूस की जा रही थी। खासकर पुलिस सुरक्षा के बीच मशहूर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला, शिवसेना नेता सुधीर सूरी और डेराप्रेमी प्रदीप की सरेआम हत्या के बाद तो यह फिक्र ज्यादा बढ़ी। इसके बाद विपक्ष के निशाने पर आई आप सरकार हरकत में दिखी। दरअसल, इन हत्याओं ने न केवल पंजाब बल्कि पूरे देश को विचलित किया है। कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति के बीच बचाव की मुद्रा में आई पंजाब सरकार ने अब फैसला लिया है कि अगले तीन महीने तक नये हथियारों के लाइसेंस नहीं बनेंगे। साथ ही बिना किसी ठोस कारण के जारी हुए आर्म्स लाइसेंसों की समीक्षा की जायेगी और गैर जरूरी कारणों से जारी किये गये लाइसेंस रद्द भी किये जायेंगे। बहरहाल, गन कल्चर पर लगाम लगाने के लिये मान सरकार भले देर से ही सही, हरकत में तो आई है। अब जब राज्य का माहौल खराब करने की कोशिशें परेशान कर रही हैं तो कुछ फौरी कदम उठाये गये हैं। अब राज्य के आला अधिकारी तीन महीने तक इस बात की पड़ताल करेंगे कि विगत में जो लाइसेंस दिये गये थे, क्या उनकी वजह तर्कसंगत थी। क्या वास्तव में लाइसेंस लेने वाले व्यक्ति की जान को खतरा था? अब तीन महीने तक चलने वाली समीक्षा में यदि पाया जाता है कि किसी समाज विरोधी तत्व को विगत में लाइसेंस जारी किया गया था तो उसे तुरंत रद्द किया जायेगा। साथ ही हेट स्पीच पर भी तुरंत मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिये गये हैं। निश्चित रूप से मौजूदा हालात में राज्य की कानून-व्यवस्था बनाये रखने के लिये ऐसे कदम तत्काल उठाने की जरूरत थी। इसके साथ ही उस सामाजिक व्यवहार पर नकेल डालने की कोशिश हुई है जो गन कल्चर को बढ़ावा देता है। मसलन सोशल मीडिया पर हथियारों का महिमामंडन रोकने, शादियों व सामाजिक समारोहों आदि में हथियारों के सार्वजनिक प्रदर्शन पर भी रोक लगाने के निर्देश दिये गये हैं।

इसके अलावा किसी समुदाय के खिलाफ नफरत भड़काने के किसी भी प्रयास पर पुलिस सख्त एक्शन लेगी। दरअसल, विगत में पंजाब एक भयावह अशांत दौर से गुजरा है। फलतः राज्य हथियारों के लाइसेंसों के मामले में उत्तर प्रदेश व जम्मू-कश्मीर के बाद तीसरे नंबर पर आता है। बताया जाता है कि काले दौर के चलते यहां लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया अन्य राज्यों के मुकाबले सहज रही है। जो बदले हालात में अब कानून व्यवस्था के लिये जटिल चुनौती बनती जा रही है। लेकिन इससे बड़ी चिंता इस बात की है कि राज्य में दो लाख से ज्यादा अवैध हथियार मौजूद बताये जाते हैं। सूत्रों के अनुसार पंजाब में इस समय चार लाख के करीब एक्टिव आर्म्स लाइसेंस हैं। इसके अलावा राज्य में हथियार व हिंसा को बढ़ावा देने वाले गीतों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने के आदेश भी दिये गये हैं।

पिछले दिनों कई गीतों में हथियारों का प्रदर्शन तथा गुणगान देखने में आता रहा है। विभिन्न सामाजिक संस्थाएं भी इस तरह के गीतों पर रोक लगाने के लिये कई बार सरकारों से आग्रह कर चुकी हैं। लेकिन कई कलाकारों के विरोध के बावजूद इस दिशा में कोई सार्थक पहल होती नजर नहीं आई। इसके साथ ही युवाओं को भ्रमित करने वाले भाषणों पर सख्ती करने की मांग की जाती रही है। विशेष रूप से अलगाववादी सोच पर अंकुश लगाने के लिये सरकारी पहल की दरकार थी। विगत के दुखद अनुभव बताते हैं कि इससे समाज में टकराव व वैमनस्य को ही बढ़ावा मिलता रहा है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# लोकल ट्रेन में सीट को लेकर दो गुटों में विवाद, होगी पुलिसिया कार्रवाई!

**मुंबई :** विरार से चर्चगेट जा रही एक लोकल ट्रेन में सीट को लेकर दो गुटों में विवाद होने का मामला सामने आया है। इसका एक वीडियो भी इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कुछ लोग ट्रेन में एक-दूसरे से हाथापाई करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि इस घटना में कोई जख्मी नहीं हुआ है। इससे पहले भी मध्य रेलवे में सीट को लेकर दो महिलाओं का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें बीच बचाव कर रही एक महिला पुलिसकर्मी जख्मी हो गई थी।



मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह नालासोपारा में लोकल ट्रेन की सीट को लेकर एक गुट और एक यात्री में विवाद हो गया। इसके कुछ देर बाद मामला इस कदर बढ़ गया कि ट्रेन में दे दना-दन यानी मारपीट शुरू हो गई। वीडियो में देखा जा सकता है कि सात से आठ लोग सीट पर बैठने का आरोप लगाते हुए दूसरे यात्री को जमकर पीट रहे हैं। इतना ही नहीं जब अन्य यात्री उसे मारने से मना करते हैं तो भी वे नहीं मानते हैं। इस वीडियो के वायरल होने के बाद जीआरपी पुलिस हरकत में आई है।

इस मामले में वसई रेलवे स्टेशन के क्राइम पीआई गणपत तुंबडा ने बताया कि यात्री नालासोपारा का निवासी है। विरार से चर्चगेट जानेवाली लोकल ट्रेन में सुबह करीब सात बजे विवाद हुआ है। इस घटना के बाद से पुलिस ने यात्री से संपर्क किया है। यात्री मुंबई काम करने जाता है। यात्री ने वापसी में शिकायत दर्ज कराने की बात कही है। शिकायत दर्ज होने के बाद आरोपी यात्रियों कर कार्रवाई की जाएगी।

# जूतों के शोरूम में लगी आग, कोई घायल नहीं



**मुंबई :** मुंबई के चेंबूर इलाके में एक जूतों के शोरूम के तहखाने (बेसमेंट) में आग लग गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उपनगरीय चेंबूर के शिवाशीष कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में सोमवार रात करीब पौने ग्यारह बजे लगी आग में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारी ने कहा कि तहखाने का इस्तेमाल एक जूता कंपनी द्वारा माल के भंडारण के लिए किया गया था और यह (माल) आग में जलकर खाक हो गया। उन्होंने कहा कि दमकल की कम से कम पांच गाड़ियों को अन्य अग्निशमन उपकरणों के साथ मौके पर भेजा गया और तड़के साढ़े तीन बजे आग पर काबू पा लिया गया।


# जमानत मिली.... छेड़छाड़ के मामले में जितेंद्र आव्हाड को कोर्ट से बड़ी राहत

ठाणे। एनसीपी विधायक जितेंद्र अव्हाड को छेड़छाड़ मामले में अग्रिम जमानत मिल गई है। ठाणे कोर्ट में मामले की सुनवाई के बाद जज ने दोपहर 3 बजे फैसला सुनाया। ऐसे में जितेंद्र



अव्हाड को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट से जमानत मिलते ही राकांपा कार्यकताओं ने खुशी जाहिर की। छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तारी पूर्व जमानत अर्जी पर मंगलवार दोपहर सुनवाई हुई। फिर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद ठाणे के सत्र न्यायाधीश प्रणय गुप्ता ने दोपहर के सत्र के बाद गिरफ्तारी पूर्व जमानत याचिका पर सुनवाई की घोषणा की। इसी के आधार पर न्यायाधीश ने दोपहर तीन बजे फैसला सुनाया।

# स्पा में काम करनेवाली लड़की से मोहब्बत, जेल जाकर चुकानी पड़ रही कीमत



**नई मुंबई :** एक युवक को स्पा में काम करनेवाली लड़की से मोहब्बत करने की कीमत जेल जाकर चुकानी पड़ रही है। युवक स्पा में काम करने वाली लड़की से प्रेम करने लगा था। इन दोनों के प्रेम की कहानी शादी तक पहुंच गई थी, परंतु अचानक लड़का शादी करने से मुकर गया तो लड़की ने उसके खिलाफ मुंबई स्थित सायन में बलात्कार की शिकायत दर्ज करवा दी। महिला ने बलात्कार की घटना का जिक्र नई मुंबई के एपीएमसी परिसर में होने की बात कही थी इसलिए सायन पुलिस ने मामला एपीएमसी पुलिस को सौंप दिया, जिसके बाद एपीएमसी पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

गौरतलब है कि युवक उस स्पा में जाता था, जहां वह लड़की काम किया करती थी। इस दौरान उन दोनों के बीच काफी गहरी दोस्ती हो गई और यह दोस्ती धीरे-धीरे मोहब्बत में बदल गई, जिसके बाद दोनों स्पा के बाहर भी मिलने लगे और कई बार इन दोनों ने शारीरिक संबंध भी स्थापित किए। फोन पर बातचीत के दौरान युवक के घरवालों ने युवक को पकड़ लिया और जब लड़की के बारे में जानकारी निकाली तो उन्हें पता चला कि लड़की एक स्पा में काम करती है। यह जानकारी मिलने के पश्चात घरवालों ने लड़के को सख्त चेतावनी देते हुए लड़की से मिलने से मना कर दिया। घरवालों की चेतावनी के बाद युवक ने लड़की से मिलना बंद कर दिया और उससे बातचीत करना भी बंद कर दिया था। नाराज लड़की ने युवक पर शादी का झांसा देकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने का मामला दर्ज करवाया। एपीएमसी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# मनपा स्कूल के बच्चों के भविष्य की राह उज्ज्वल!



**मुंबई :** मुंबई मनपा स्कूल के बच्चों के भविष्य की राह उज्ज्वल हो, इसलिए सलाम बॉम्बे उन बच्चों को सहारा दे रहा है। मनपा स्कूल के ४० हजार से अधिक बच्चे इस संस्था से जुड़े हैं। इनमें से अधिकतर बच्चों में टेलेंट छुपा हुआ है, केवल उनके टेलेंट को निखारने की जरूरत है, ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके। इस बात को ध्यान में रखते हुए ये संस्था फोटोग्राफी के जरिए इन बच्चों का टेलेंट निखारने में लगी है। इसके अलावा और भी कई उपक्रमों की मदद से बच्चों के भविष्य की राह आसान की जा रही है। बाल दिवस के मौके पर कल बच्चों द्वारा खींची गई फोटोग्राफी की प्रदर्शनी कोरम में लगाई गई। जानकारी के मुताबिक संतोष बोधड़े असिस्टेंट मैनेजर सलाम बॉम्बे आर्ट एंड मीडिया अकादमी ने बताया कि मनपा और गवर्नमेंट एडेड स्कूल के करीब ४० हजार से अधिक बच्चे सलाम बॉम्बे फाउंडेशन के साथ जुड़े हैं। करीब ३५० से अधिक बच्चों को ये संस्था इन दिनों फोटोग्राफी के गुण सिखा रही है, ताकि उनका कलात्मक विकास हो सके। मनपा स्कूल के बच्चों को वैष्ठमरे मुहैया कराकर उन्हें फोटोग्राफी सिखाई जा रही है।

## रिटायर्ड जीएम को आया पैन कार्ड अपडेट कराने का आया मैसेज

### जालसाजों ने अकाउंट से उड़ाया सवा छह लाख रुपये




उत्तर प्रदेश के आगरा में एक कंपनी के रिटायर्ड जीएम को पैन कार्ड अपडेट का मैसेज आया। जिसके बाद शातिर जालसाजों ने नेट बैंकिंग के जरिए खाते से सवा छह लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए। जब मोबाइल पर रुपये कटने का मैसेज आया तो पीड़ित ने इसकी शिकायत रेंज साइबर थाने में की। ये मामला सिंगी गली के छत्ता का है। रामकृष्ण गुप्ता एक कंपनी में जीएम के पद से रिटायर्ड हुए हैं। करीब दो महीने पहले उनके एक मोबाइल पर पैन कार्ड अपडेट कराने का मैसेज आया। जिसमें एक लिंक दिया था। साथ ही मैसेज में लिखा था कि लिंक करके फॉर्म को भर दें। बहकावें में आकर रामकृष्ण गुप्ता ने लिंक पर क्लिक किया तो एक वेब पेज खुल गया। जहां जानकारी भरनी थी। रामकृष्ण ने जैसे ही जानकारी भरी तभी एक फोन आया। फोन करने वाले ने उनसे कहा कि आपके मोबाइल पर एक ओटीपी आया होगा उसे बता दें जिससे पैन कार्ड अपडेट हो जाए।

रामकृष्ण ने ओटीपी बता दिया। शातिर जालसाजों ने रामकृष्ण के अकाउंट की नेट बैंकिंग चालू करा ली। इसके बाद तीन बार में खाते से 6 लाख 14 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। जब खाते से रकम निकलने का मैसेज देख रामकृष्ण के होश उड़ गए। उन्होंने रेंज साइबर थाना में मुकदमा दर्ज कराया। वहीं पुलिस उन खातों की जांच कर रही है जिस खाते में रकम ट्रांसफर हुई है। पुलिस की माने तो फर्जी आईडी से खाते खुलवाए गए थे जिसे रकम निकालने के बाद बंद कर दिया गया होगा।

## मुंबई हाईकोर्ट पर लगी निगाहें...

### BCM के वार्डों की संख्या पर सुनवाई आज



**मुंबई :** मुंबई महानगरपालिका चुनाव को लेकर मुंबई के लोगों की नजरें अब मुंबई उच्च न्यायालय के फैसले पर टिकीं हुई हैं। बीएमसी में वार्डों की संख्या घटाने को लेकर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। शिंदे-फडणवीस सरकार ने पिछली महाविकास आघाड़ी सरकार के फैसले को पलटते हुए वार्डों की संख्या वर्ष 2017 की ही तरह 227 रखने का निर्णय लिया है। जिसे शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के पूर्व नगरसेवक राजू पेडणेकर ने चुनौती दी है। हाइकोर्ट ने बुधवार 16 नवंबर को सुनवाई निश्चित किया है। पेडणेकर ने इसके पहले सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने पेडणेकर की याचिका को खारिज करते हुए उच्च न्यायालय में जाने के लिए कहा था।


सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद पेडणेकर ने वकील जे. एल. कार्लोस के मार्फत उच्च न्यायालयात में याचिक दाखिल की है। अदालत ने याचिक को स्वीकार करते हुए सुनवाई सुनिश्चित की है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाविकास आघाड़ी सरकार ने मुंबई की जनसंख्या के आधार पर महानगरपालिका में वार्डों की संख्या 236 करने का निर्णय लिया था। इसके तहत वार्डों की संरचना की गई थी। यही नहीं वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी। राज्य चुनाव आयोग की तरफ से इस संदर्भ में अधिसूचना भी जारी कर दी है थी, लेकिन इसी बीच राज्य में सत्ता परिवर्तन हो गया। नई सरकार ने पिछली सरकार के फैसले को पलटते हुए वर्ष 2017 के वार्ड संरचना के महानगरपालिका चुनाव कराने का निर्णय लिया। जिसे पहले सर्वोच्च न्यायालय अब मुंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है।

महाविकस आघाड़ी सरकार ने जब वार्डों की संख्या 236 करने की अधिसूचना जारी किए था तब कांग्रेस और बीजेपी ने विरोध किया था। सरकार के फैसले को नितेश राजहंस सिंह और मनसे के सागर कांतिलाल देवरे ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। अदालत ने दोनों याचिकाओं को खारिज करते हुए नितेश राजहंस सिंह और सागर देवरे पर 25-25 हजार का जुर्माना भी लगाया था।

#### समय और पैसे की बचत होगी

**अदालत में दी गई चुनौती में कहा गया कि वार्डों की संख्या जब बढ़ा कर 236 किया गया था तब भी उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर सरकार के फैसले को चुनौती दी गई थी। तब अदालत ने अपने निरीक्षण में कहा था कि वार्डों की संख्या बढ़ाने में दिक्कत नहीं है। पेडणेकर ने कहा है कि 236 वार्डों पर चुनाव कराने से समय और पैसे की बचत होगी।**

## सगे भाई-बहनों की शादी करा देने की परंपरा पर कोर्ट ने लगाई रोक!



**मुंबई :** केरल में एक ईसाई समुदाय की परंपरा पर वहां की कोट्टायम कोर्ट ने रोक लगा दी है। यह परंपरा है भाई-बहनों की आपस में शादी कराने की। कोर्ट का कहना है कि यह कोई धार्मिक मामला नहीं है इसलिए यह परंपरा बंद करें। यह मामला चचेरे, ममेरे, फुफेरे या दूर की रिश्तेदारी वाले भाई-बहनों से जुड़ा नहीं है, बल्कि सगे भाई-बहनों की शादी करा देने की परंपरा का है। सीमित क्षेत्र में सीमित आबादी वाला यह समुदाय इस परंपरा के पीछे का कारण भी अलग ही देता है। भाई-बहन की शादी कराने की परंपरा के पीछे इनका तर्क सबको चौंका सकता है। दरअसल केरल में रहनेवाला यह एक ऐसा ईसाई समुदाय है जो खुद को जातिगत रूप से बहुत शुद्ध मानता है। इस समुदाय में अपनी शुद्धता को बनाए रखने के लिए सगे भाई-बहनों की भी आपस में शादी करा दी जाती है। कनन्या कैथोलिक समुदाय खुद को उन ७२ यहूदी-ईसाई परिवारों का वंशज मानता है, जो ३४५ ईसवी में थॉमस ऑफ किनाई व्यापारी के साथ मेसोपोटामिया से यहां आए थे। रिपोर्ट में बताया है कि किनाई ही बाद में कनन्या हो गया। केरल के कोट्टायम और इसके पास के जिलों में इस समुदाय के करीब १.६७ लाख लोग हैं। इनमें से २१८ पादरी और नन हैं।

इस समुदाय के लोग अपनी जातिगत शुद्धता बनाए रखने के लिए अमूमन समाज से बाहर शादी नहीं करते। अगर कोई समुदाय से बाहर शादी करता है तो उसे समाज से बहिष्कृत कर दिया जाता है। इतना ही नहीं, उसके चर्च और कब्रिस्तान जाने पर भी पाबंदी लगा दी जाती है। समाज से बाहर शादी करनेवाला व्यक्ति इस समाज की अन्य शादी और आयोजनों, यहां तक कि अपने रिश्तेदारों की शादी में भी नहीं जा सकता।

समाज से बहिष्कृत होने के बाद फिर समाज में वापस आने की भी एक अपवाद स्थिति है। इस समुदाय के किसी लड़के ने बाहरी लड़की से शादी कर ली और उस बाहरी की अगर मृत्यु हो जाए तो उसे समाज में वापस लेने का भी प्रावधान है लेकिन इसके लिए कुछ शर्तें तय हैं। शर्त ये है कि उस लड़के को फिर से अपने समुदाय की किसी लड़की से शादी करनी होगी। दूसरी शर्त ये भी है कि अगर पहली पत्नी (बाहरी लड़की) कोई संतान हुई हो तो उसे समुदाय में नहीं ला सकते।

## अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस को 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी राहत, अदालत ने दी जमानत



अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस को 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत मिल गई है। पटियाला हाउस कोर्ट ने 2 लाख रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही राशि का एक जमानतदार पेश करने की शर्त पर जमानत दी। सुनवाई के दौरान अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस भी कोर्ट पहुंची थीं। इससे पहले दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस की अंतरिम जमानत 15 नवंबर यानि आज तक के लिए बढ़ाई थी।

समाचार के मुताबिक विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस को जमानत दी। न्यायाधीश ने 31 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दाखिल किए गए एक पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लिया था और अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस को अदालत में पेश होने के निर्देश दिए थे। ईडी इस मामले में छानबीन के सिलसिले में जैकलीन को कई बार तलब कर चुकी है।

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने मामले में फर्नांडिस को पूरक चार्जशीट में एक आरोपी के रूप में नामित किया था। ईडी की पहली चार्जशीट और सप्लीमेंट्री चार्जशीट में आरोपी के रूप में जैकलीन का उल्लेख नहीं था। हालांकि जांच एजेंसी की ओर से पेश किए गए दस्तावेजों में अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस और नोरा फतेही के दर्ज बयानों के विवरण का उल्लेख किया गया था।

मामले में पिछली सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय ने जैकलीन को जमानत देने का विरोध किया था। ईडी की दलील थी कि जैकलीन फर्नांडिस के पास पैसे की कोई कमी नहीं है और वह देश से फरार हो सकती हैं। इस पर अदालत ने पूछा था कि अब तक आपने जैकलीन को गिरफ्तार क्यों नहीं किया। इस पर एजेंसी ने सफाई दी कि जैकलीन के खिलाफ हवाई अड्डों पर लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है ताकि वह देश छोड़कर फरार नहीं हो सकें।

अदालत ने एजेंसी के रवैये पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि जब अन्य आरोपी जेल में हैं तो चुन चुन कर कार्रवाई की नीति क्यों अपनाई जा रही है। जैकलीन फर्नांडिस ने इस आधार पर जमानत की गुहार लगाई थी कि मौजूदा वक्त में उसकी हिरासत की कोई जरूरत नहीं है। अभिनेत्री की ओर से दलील दी गई थी कि चूंकि जांच पहले ही पूरी हो चुकी है और आरोपपत्र भी दाखिल किया जा चुका है। इसलिए उसे जमानत दी जाए।

मालूम हो कि अदालत ने 31 अगस्त को प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दाखिल किए गए एक पूरक आरोपपत्र का संज्ञान लिया था। साथ ही जैकलीन फर्नांडिस को अदालत के सामने पेश होने के निर्देश दिए थे। 200 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छानबीन के सिलसिले में कई बार प्रवर्तन निदेशालय की ओर से तलब की जा चुकीं फर्नांडिस को पूरक आरोपपत्र में पहली बार आरोपी बनाया गया है।

## सुशील मोदी का आरोप, निकाय चुनाव के बाद जातीय जनगणना टालने पर तुली नीतीश सरकार




पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि नीतीश कुमार निकाय चुनाव टाल कर अतिपिछड़ों को वंचित करने के बाद अब जातीय जनगणना टालने के नये-नये बहाने खोज रहे हैं। मोदी ने कहा कि जातीय जनगणना शुरू करने का समय अगले साल फरवरी से बढ़ा कर मई 2023 करने का कैबिनेट का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने दावा किया है कि सरकार को मतदाता सूची के पुनरीक्षण की जानकारी पहले से थी और मैट्रिक-इंटर की परीक्षाओं की तिथि भी पूर्व निर्धारित है। इन बातों को केवल जनगणना टालने का बहाना बनाया गया है। कहा कि जातीय जनगणना कराने के लिए कैबिनेट का फैसला 2 जून को हुआ, लेकिन अभी तक न मकानों की गिनती और नम्बरिंग हुई, न जिला और प्रखंड स्तर पर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। सुशील मोदी ने कहा कि जनगणना ऐप और पोर्टल बनाने के लिए परामर्शी की नियुक्ति छह माह पहले हो जानी चाहिए थी, लेकिन इसका अभी निर्णय हुआ है।

दैनिक
रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : बुधवार, 16 नवंबर 2022





## दिल्ली में श्रद्धा वॉकर मर्डर केस:

# मुंबई में भड़का लोगों का गुस्सा, जमकर हुआ विरोध-प्रदर्शन...!

### भाजपा विधायक राम कदम ने कहा कि इस मामले को केवल एक हत्या के मामले के रूप में नहीं देख सकते.

**मुंबई :** श्रद्धा वॉकर की दिल्ली में हुई निर्मम हत्या के बाद मुंबई में लोगों का गुस्सा भड़क उठा है. लोगों ने मुंबई में जमकर प्रदर्शन किया और हत्या के आरोपी आफताब पूनावाला को फांसी की सजा देने की मांग की. प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि इस हत्या के पीछे की साजिश का पूरी तरह से पदार्फाश करके दोषी पाए जाने वाले को सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए.

प्रदर्शन में शामिल भाजपा विधायक राम कदम ने कहा कि श्रद्धा की निर्मम हत्या से पूरा देश सदमे में है. पूरा देश श्रद्धा के परिवार के साथ खड़ा है. उन्होंने कहा कि हम इस मामले को केवल एक हत्या के मामले के रूप में नहीं देख सकते हैं. सबूतों को देखते हुए दिल्ली पुलिस को इसमें लव-जिहाद के कोण से भी जांच करने की जरूरत है.



कदम ने कहा कि इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देना केवल एक इंसान के लिए संभव नहीं है. कोई अकेला शख्स इस अपराध को नहीं कर सकता है. दिल्ली पुलिस जांच करे कि इस मामले में कौन लोग या समूह शामिल थे? क्या हमारे देश में इस तरह का गिरोह चल रहा है?

भाजपा के विधायक राम कदम ने कहा कि अगर हम लव-जिहाद की घटनाओं को रोकना चाहते हैं, तो दिल्ली पुलिस को इस मामले की लव-जिहाद के एंगल से जांच करनी चाहिए. उन्होंने कहा, 'हम दिल्ली पुलिस को पत्र लिखेंगे और इस मामले पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहेंगे. हम दिल्ली पुलिस से लव-जिहाद के कोण से भी इस मामले की जांच करने का अनुरोध करते हैं.'

कदम ने कहा कि 'मैं दिल्ली पुलिस कमिश्नर को खत लिखूंगा और मामले की जांच लव जिहाद के एंगल से भी करने की मांग करूंगा.' गौरतलब है कि श्रद्धा वॉकर की उसके पार्टनर आफताब पूनावाला ने गला दबाकर हत्या कर दी. उसके बाद आफताब ने उसके शव के 35 टुकड़े किए और उनको फ्रिज में रख दिया. उसने बारी-बारी से सभी टुकड़ों को अलग-अलग जगहों पर फेंक दिया.

# वर्ली बीडीडी चाल पुनर्विकास परियोजना

### म्हाडा द्वारा प्रस्तावित पुनर्वास भवनों में 304 पात्र स्लम धारकों के फ्लैटों का निर्धारण

**मुंबई:** मुंबई बोर्ड ऑफ महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा वर्ली बीडीडी चाल पुनर्विकास परियोजना के पहले चरण के तहत निर्मित होने वाले प्रस्तावित पुनर्वास भवनों में पात्र स्लम धारकों को वितरित किए जाने वाले 304





पुनर्वास फ्लैटों के माध्यम से निर्धारित किया गया था कम्प्यूटरीकृत प्रणाली पुनर्विकास परियोजना के तहत बनने वाले भवन में पुनर्वास फ्लैट नंबर, भवन संख्या, फ्लैट का फर्श और इन पात्र स्वामियों को स्वामित्व के आधार पर दिए जाने का निर्णय लिया गया। बांद्रा पूर्व में म्हाडा मुख्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में, बीडीडी चला पुनर्विकास परियोजना के तहत वर्ली में भवन संख्या 32, 33, 39, 40 में रहने वाले पात्र किरायेदारों / निवासियों को स्वामित्व के आधार पर फ्लैटों की संख्या आवंटित की जाएगी। पुनर्विकास के तहत बनाए जाने वाले पुनर्वास भवन इन 4 इमारतों में कुल 320 फ्लैट/फ्लैट हैं। जिसमें से 304 आवासीय भूखंड/सदनिक हैं और 12 भूखंड बृहन्मुंबई नगर निगम स्कूल को दिए गए हैं। तो 4 गैर-आवासीय क्लस्टर हैं।

प्रस्तावित पुनर्वास भवनों में फ्लैट आवंटित किए गए किरायेदारों / रहने वालों की सूची म्हाडा के https://mhada.gov.i»»f पर प्रकाशित की जाएगी। इस अवसर पर उच्च स्तरीय निगरानी समिति के सदस्य श्री. जॉनी जोसेफ, राज्य सूचना एवं विज्ञान अधिकारी श्री. मोइज हुसैन अली, निदेशक, मुंबई विकास विभाग सतीश अंबावड़े, कार्यपालन यंत्री श्री. प्रशांत धात्रक, उप मुख्य अधिकारी (बीडीडी परियोजना) श्री. राजेंद्र गायकवाड़ आदि मौजूद थे।

# राकांपा की महिला कार्यकर्ताओं ने अचानक मंत्रालय पर बोला धावा



**मुंबई :** एक तरफ जहां पिछले दो दिनों से जितेंद्र अवाद और छेड़छाड़ के मामले से राज्य का राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ था, वहीं आज दोपहर अचानक एनसीपी की महिला कार्यकर्ता मंत्रालय पर आंदोलन के लिए सड़कों पर उतर आईं। इससे पुलिस की काफी किरकिरी हुई। राकांपा सांसद सुप्रिया सुले को गाली देने के लिए अब्दुल सत्तार के इस्तीफे की मांग को लेकर राकांपा महिला अघाड़ी ने मंत्रालय तक मार्च किया था। पुलिस को इस आंदोलन की कोई पूर्वधारणा नहीं दी गई थी। बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर आ गईं और जाम भी लग गया। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष के कार्यालय में आज महिला पदाधिकारियों की बैठक हुई। हम अपने भाई के साथ हैं। इन महिला कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को सत्तार से इस्तीफा देने की मांग करते हुए और नारे लगाते हुए मंत्रालय की ओर मार्च करना शुरू कर दिया। कुछ दूर जाने के बाद पुलिस ने और मदद के लिए और पुलिस बुलाया और मंत्रालय के समक्ष इन महिला कार्यकताओं को हिरासत में ले लिया। यह भी देखा गया कि कुछ महिला कार्यकर्ता इस पुलिस वैन में जाने को तैयार नहीं थीं। इससे महिला पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

# मुंबई में खसरा रोग ने बढ़ाई चिंता

**महाराष्ट्र :** कोरोना महामारी के बाद महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में बीते कुछ दिनों से मीजल्स यानी खसरा का कहर देखने को मिल रहा है। हाल ही में सामने आई जानकरी के मुताबिक इस बीमारी से इस साल 126 बच्चे संक्रमित हो चुके हैं। इतना ही नहीं इस खतरनाक बीमारी से मंगलवार को एक बच्चे की मौत की खबर भी सामने आई है। इस खबर के सामने आने के बाद से ही देशभर में चिंता का माहौल है। लोग इस बीमारी को लेकर काफी चिंतित नजर आ रहे हैं।

**क्या है खसरा** - खसरा एक गंभीर वायरल बीमारी है, जिसे रुबेला के नाम से भी जाना जाता है। यह वायरस के कारण होने वाला संक्रमण है, जो बच्चों को अपनी चपेट में लेता है। छोटे बच्चों के लिए यह बीमारी जानलेवा तक साबित हो सकती है। यह बीमारी 1 सीरोटाइप वाले आरएनए वायरस के कारण होती है। इस संक्रमण से संक्रमित व्यक्ति के



संपर्क में आने के 10 से 14 दिन बाद इसके लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

खसरा से पीड़ित व्यक्ति आठ दिनों तक दूसरे इंसान को संक्रमित कर सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो कुछ हालातों में यह संक्रमण बच्चों के लिए काफी हानिकारक होता है। अगर आपको खसरा का टीका नहीं लगा है तो इस बीमारी का जोखिम बढ़ सकता है। साथ ही ऐसे बच्चे जिनके अंदर विटामिन-ए की कमी है, उन बच्चों में इस बीमारी के होने और इसकी गंभीर जटिलताओं के होने की संभावना काफी अधिक होती है।

**खसरा से बचाव के तरीके-**

खसरा होने पर सबसे पहले संक्रमित व्यक्ति को अन्य लोगों से अलग आइसोलेट कर दें।

संक्रमित व्यक्ति द्वारा इस्तेमाल की गई चीजें जैसे चादर, तोलिया, साबुन आदि का कोई भी दूसरा व्यक्ति उपयोग न करें।

संक्रमण के दौरान शरीर में पानी की कमी न होने दें। इस दौरान सूप, जूस और हर्बल चाय आदि का सेवन फायदेमंद माना जाता है।

खसरे से बचने के लिए खाने में विटामिन-ए वाले खाद्द पदार्थों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें।

खसरा पीड़ित मरीज के लिए नीम काफी उपयोगी है। इसकी मदद से खुजली कम कर सकते हैं। साथ ही नीम की पत्तियों को पानी में उबालकर नहाने से भी फायदा होगा।

संक्रमित व्यक्ति को नारियल पानी का सेवन करना चाहिए। नारियल पानी से शरीर में पानी की कमी पूरी होने के साथ ही इम्यूनिटी भी मजबूत होती है।

# ठाणे में भिड़े शिंदे व ठाकरे समर्थक, पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को किया तितर-बितर



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे में देर रात शिवसेना के शिंदे व उद्धव ठाकरे गुट के समर्थकों के बीच भिड़ंत हो गई। दोनों गुटों के समर्थकों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए और मारपीट करने लगे। इस बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने लाठीचार्ज कर लोगों को वहां से हटाया। अधिकारियों की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, पुलसि ने दोनों गुटों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com